1. सिंधु घाटी सभ्यता



- ✓* विस्तार : मांडा (JK) से दैमाबाद (महाराष्ट्र) व सुत्कांगेडोर (पाक.) से आलमगीरपुर (UP)
- ✓* समूचा क्षेत्र त्रिभुजाकार : क्षेत्रफल = 1299600 वर्ग किमी । जो वर्तमान पाकिस्तान व मिश्र तथा मेसोपोटामिया ( ) से बड़ा है।
- ✓* ताम्रपाषाणिक कांस्य युगीन सभ्यता ।
- ✓* सर्वप्रथम खोज 1921 को हड़प्पा क्षेत्र की हुई अतः इसे हड़प्पा संस्कृति कहते हैं।
- ✓* जॉन मार्शल द्वारा सिंधु नदी के कारण नाम 'सिंधु सभ्यता' रखा ।
- ✓* सभ्यता का केन्द्रीय स्थल पंजाब व सिंध (पाक.) मे सिंधु घाटी क्षेत्र ।
- ✓* क्षेत्र: गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, प. उत्तरप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर व पाकिस्तान
- ✓* अब तक 1500 से अधिक स्थलों का पता लगा है। स्वतंत्रता के बाद सर्वाधिक क्षेत्र: गुजरात मे।
- ✓* प्रमुख शहर केवल 7 थे : हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, चान्हुदड़ो, लोथल, कालीबंगा, बनवाली, धौलावीरा ।
- * कालीबंगा व बनवाली मे दो सांस्कृतिक अवस्थाएं पायी गई - हड़प्पा-पूर्व व हड़प्पाकालीन ।
- * समुद्रतटीय नगर - सुत्कांगेडोर व सुरकोटडा मे नगर-दुर्ग होना मुख्य विशेषता है। इसके अलावा धौलावीरा मे भी किला है।
- * धौलावीरा व राखीगढ़ी मे हड़प्पा संस्कृति की तीनो अवस्थाएं मिलती है।
- ✓* कालक्रम रेडियोकार्बन C^{14} पद्धति से :- 2400 ई.पू. से 1700 ई.पू. (प्राक्ऐतिहासिक/कांस्य युग)
- ✓* सिंधु सभ्यता की खोज - रायबहादुर दयाराम साहनी द्वारा ।
- ✓* इस सभ्यता के निवासी द्रविड़ एवं भूमध्यसागरीय थे।

3/5 | 3/6

SHREERAM CLASSES

नगर-योजना :

* हड़प्पा संस्कृति की मुख्य विशेषता नगर-योजना थी।
* हड़प्पा व मोहनजोदड़ो दोनो नगरों के अपने अपने दुर्ग थे। जहाँ शासक वर्ग रहता।
* नगरीय भवन जाल (ग्रिड) की तरह व्यवस्थित थे।
* सड़कें एक-दूसरे को समकोण पर काटती जिनमे नगर अनेक खंडों मे विभक्त था।
* बड़े-बड़े भवन - हड़प्पा व मोहनजोदड़ो
* मोहनजोदड़ो का विशाल स्नानागार (11.88 X 7 मीटर व 2.43 मी. गहरा), दोनो ओर तल से सीढ़ियां, बगल मे कमरे, बड़ा कुआँ। पक्की ईंटों का निर्माण।
* मोहनजोदड़ो की सबसे बड़ी इमारत - अन्नागार (45.7 X 15.2 मीटर)
* सर्वाधिक विस्तृत क्षेत्र मे पक्की ईंटों का इस्तेमाल केवल हड़प्पा सभ्यता में हुआ है। इसके समकालीन सभ्यता मिस्र व मेसोपोटामिया से भी अधिक।
* अदभुत जल निकास प्रणाली - घरों का पानी सड़कों पर आता जहां इनके नीचे मोरियां बनी हुई थी। जो अक्सर सिल्लियों से ढकी रहती। मोहनजोदड़ो, कालीबंगा, बनवाली।
* सफाई व स्वास्थ्य पर सर्वाधिक ध्यान दिया।

कृषि :

* प्राचीनकाल मे यह क्षेत्र अत्यंत उपजाऊ था, क्योंकि सिंधु नदी द्वारा प्रतिवर्ष बाढ़ से उपजाऊ मिट्टी लाती। प्राकृतिक वनस्पति सम्पदा अधिक थी जिससे वर्षा अधिक होती। इन वनों का इस्तेमाल ईंटे पकाने व इमारत बनाने मे होता।
* गांव की रक्षा हेतु बाढ़ से बचाव के लिए पक्की ईंट की दीवारें।
* बाढ़ उतरने के बाद नवंबर मे बाढ़ मैदानों मे बीज बो देते व अगली बाढ़ आने से पहले अप्रैल मे गेहूँ व जौ की फसल काट लेते। कालीबंगा से खेत जुताई के अवशेष मिले हैं।
* गबरबंदों/नालों को घेरकर जलाशय बनाने की परिपाटी बलूचिस्तान व अफगानिस्तान मे रही। लेकिन नहरों व नालों के अवशेष नहीं।
* खाद्यान्न: गेहूं, जौ, राई, मटर, आदि का उत्पादन। तिल व सरसों भी। लोथल मे चावल पैदा होता।
* खाद्यान्न भण्डारण - मोहनजोदड़ो, हड़प्पा व कालीबंगा के बड़े-बड़े अन्नकोठारों में।
* किसानो से राजस्व के रूप में अनाज लिया जाता।
* सर्वप्रथम कपास पैदा करने का श्रेय सिंधु वासियों को मिलता है। इसलिए यूनानी इसे 'सिंडन' कहने लगे, जो सिंधु शब्द से निकला है।

पशुपालन

* गाय, बैल, भैंस, बकरी, भेड़, सुअर आदि पालते। कुत्ता, बिल्ली, गधे, ऊंट भी रखते।
* सबसे प्रिय पशु - कूबड़ वाला साँड। * हाथी व गैंडे का भी ज्ञान था।
* घोड़े के अवशेष गुजरात के सुरकोटडा से मिले हैं तथा लोथल से घोड़े वाली मूर्तिका।
* लेकिन हड़पाई संस्कृति अश्व केन्द्रित नहीं थी।

शिल्प और तकनीकी ज्ञान :

* हड़प्पा संस्कृति काँस्य युग की है अतः कांसे के औजार व उपकरणों से परिचित थे लेकिन सर्वाधिक पत्थरों के औजारों का उपयोग करते।
* कांसा (तांबे मे टिन मिलाकर) के सीमित औजार मिलते हैं। खेतड़ी (राज.) से तांबा तथा अफगानिस्तान से टिन मंगाया जाता व कुल्हाड़ी, आरी, छुरा व बरछा बनाते।
* कपड़े का अवशेष → मोहनजोदड़ो से सूती बुना हुआ कपड़ा निकला है।
* सूत कताई की तकलियां, जिससे ऊनी व सूती वस्त्रों हेतु कताई होती।
* स्थापत्य शिल्प → विशाल इमारतें
* नाव निर्माण, मिट्टी की मुहरें, मिट्टी की पुतलियां, स्वर्ण-चांदी के आभूषण निर्माण होता।
* सोना व चाँदी → अफगानिस्तान से लाते। रत्न → दक्षिण भारत से।
* मनका निर्माण, चाक पर मृदभांड बनाते जो चिकने व चमकीले होते।
* टेराकोटा (आग मे पकी) मिट्टी की मूर्तियां, खिलौने, मुहरें

व्यापार :

* विस्तृत व्यापार की पुष्टि - हड़प्पा, मोहनजोदड़ो व लोथल से प्राप्त मिट्टी की मुहरें, लिपि, व माप-तौल के अस्तित्व से तथा विशाल अन्न भण्डारों से।
* धातु के सिक्के नहीं मिले। समस्त आंतरिक व्यापार वस्तु-विनिमय द्वारा करते इसमे पत्थर, धातु, हड्डी आदि व्यापार होता। अनाज के बदले धातु लाते (गाड़ियों से)
* व्यापारिक संबंध → राजस्थान, अफगानिस्तान, ईरान, मध्य एशिया मे दजला-फरात प्रदेश, मेसोपोटामियां (इराक, सीरिया), मिस्र
* मेसोपोटामियां अभिलेखों मे 'मेलुहा' के साथ व्यापारिक संबंधों की चर्चा है। मेलुहा सिंधु प्रदेश का प्राचीन नाम है।
* 'लोथल' से फारस की मुहरें तथा कालीबंगा से बेलनाकार मुहरें सिंधु सभ्यता के व्यापार को--
* विदेशी व्यापार सिंधु सभ्यता की समृद्धि का कारण था।
* आयातित वस्तुएं → टिन : अफगानिस्तान, ईरान (मध्य एशिया) सोना : अफगानिस्तान, कर्नाटक
  तांबा : खेतड़ी, बलूचिस्तान सेलखड़ी : राज. गुज. बलूचिस्तान
  चांदी : ईरान, अफगानिस्तान हरितमणि : द. भारत

राजनीतिक संगठन :

* राजनीतिक संगठन का स्पष्ट आभास नहीं, किंतु यहां की सांस्कृतिक एकता केन्द्रित सत्ता से ही संभव
* मौर्य साम्राज्य की स्थापना से पूर्व यह सबसे बड़ी राजनीतिक इकाई थी। जो 600 वर्षों तक रही
* शासकों का ध्यान साम्राज्य विजय पर कम व वाणिज्य की ओर अधिक था।
* अस्त्र-शस्त्रों का अभाव।
* शासन वणिक वर्ग के हाथ मे था।
* शासन प्रणाली जनतंत्रात्मक / लोकतांत्रिक थी

धार्मिक जीवन :

* मिस्र व मेसोपोटामिया सभ्यता के विपरीत यहाँ मंदिर व धार्मिक भवन नहीं मिले, लेकिन इसका अपवाद - विशाल स्नानागार।
* लोथल, कालीबंगा से अग्निपूजा अवशेष।
* हड़प्पा से मिट्टी की स्त्री-मूर्तिकाएं भारी संख्या मे मिली जहां एक मूर्ति मे स्त्री के गर्भ से निकलता पौधा (उर्वरता की देवी)।
* उर्वरता की देवी के समान मिस्र मे आइसिस देवी की पूजा की जाती।
* पुरुष देवता - एक मुहर पर योगी ध्यान मुद्रा मे पद्मासन लगाए दिखाया गया है। उसके चारों ओर एक हाथी, एक बाघ, व एक गेंडा है। तथा आसन के नीचे भैंसा है। यह चित्र पशुपति महादेव का बताया जाता है।
* शिवलिंग पूजा के प्रतीक मिले हैं।
* वृक्षों की पूजा - एक मुहर पर पीपल की डालों के बीच देवता विराजमान है।
* पशुपूजा - मुहरों पर एक सींग वाला जानवर (यूनीकॉर्न) या गेंडा
* बड़ी तादाद मे ताबीज प्राप्ति - जादू-टोना, तंत्र-मंत्र मे विश्वास
* स्वास्तिक, चक्र, क्रॉस के प्रतीक प्राप्ति। स्वास्तिक व चक्र सूर्य पूजा का प्रतीक है।

हड़पाई लिपि :

* हड़प्पा लिपि का सबसे पुराना नमूना 1853 को मिला व 1923 तक पूरी लिपि प्रकाश मे आ गई, किंतु अब तक यह पढ़ी नहीं जा सकी।
* पत्थर की मुहरों व अन्य वस्तुओं पर हड़पाई लेखन के 4000 नमूने हैं। छोटे-छोटे लेख हैं जिनपर 2-4 ही शब्द हैं। मिस्र व मेसोपोटामियाई लिपि के लेख लंबे-2 हैं।
* इस लिपि मे 250 से 400 तक चित्राक्षर (पिक्टोग्राफ) हैं और चित्र के रूप मे लिखा हर किसी ध्वनि, भाव या वस्तु का सूचक है। यह लिपि वर्णात्मक नहीं चित्रात्मक है। (भावचित्रात्मक)
* यह लिपि अन्य सभ्यताओं की लिपियों से मेल नहीं खाती, अतः यह सिंधु प्रदेश का आविष्कार है।

माप-तौल व बाट :

* तौल मे 16 या उसके आवर्तकों का व्यवहार होता था, जैसे = 16, 64, 160, 320, 640 आदि
* यह सोलह के अनुपात की परम्परा भारत मे आधुनिक काल तक चलती रही है। एक रुपया = 16 आना
* मापने के डंडे भी पाए गए हैं जिनपर माप के निशान लगे हैं। इनमे एक डंडा कांसे का भी है। स्केल

मुहरें (सीलें) :

* हड़प्पा सभ्यता की सर्वोत्तम कलाकृतियां है, यहां की मुहरें। जो अब तक 2000 से अधिक प्राप्त हो चुकी हैं। अधिकांश (500) मुहरें मोहनजोदड़ो से (जैसे कूबड़ वाले बैल चित्र की मुहर)
* अधिकांश सीलों पर लघु लेखों के साथ-साथ एकसिंगी जानवर, भैंस, बाघ, बकरी व हाथी के चित्र हैं।
* मुहरें सेलखड़ी (steatite) की बनी है। लोथल व देसलपुर से तांबे की मुहरें मिली है।
* सर्वाधिक मुहरें वर्गाकार थी। * मोहनजोदड़ो, लोथल, कालीबंगा से राजमुद्रांक भी मिले हैं (Sealings)

SHREERAM CLASSES

प्रतिमाएँ :

* हड़प्पाई शिल्पी धातु की सुंदर मूर्तियाँ बनाते थे। काँसे की नर्तकी उनकी मूर्तिकला का सर्वश्रेष्ठ नमूना है। यह पूरी मूर्ति गले मे पड़े हार के अलावा नग्न है (मोहनजोदड़ो से प्राप्त)।
* कुछ प्रस्तर प्रतिमाएं भी मिली है, लेकिन प्रस्तर शिल्प मे हड़प्पा संस्कृति पिछड़ी हुई है।
* सेलखड़ी की एक मूर्ति के बाए कंधे व दाए हाथ के नीचे अलंकृत वस्त्र तथा संवारे हुए बाल

मृण्मूर्तिकाएं (टेराकोटा फिगरिन) :

* आग मे पकी हुई मिट्टी की मूर्तियां टेराकोटा कहलाती है, भारी संख्या मे मिली है। इनका खिलौने या पूज्य प्रतिमाओं के रूप मे होता था। (पक्षी, कुत्ते, भेड़, गाय, बैल, बंदर, स्त्री, पुरूषों)
* नारी मृण्मूर्तियां पुरूषों से अधिक पायी है।

सामाजिक व्यवस्था :

* हड़प्पा समाज संभवतः मातृसत्तात्मक था। जो पुरोहित, व्यापारी, अधिकारी, शिल्पी, जुलाहे व व श्रमिकों मे विभाजित था।
* समाज युद्धप्रिय कम व शांतिप्रिय अधिक था। * पर्दाप्रथा व वैश्यावृत्ति प्रचलित
* खान-पान : शाकाहारी व मांसाहारी दोनो।
* वस्त्र : सूती व ऊनी। आभूषण : पुरूष व स्त्री दोनो।
* मनोरंजन : खेल, नृत्य, शिकार, पशु-लड़ाई। धार्मिक उत्सव व समारोह।
* शवों की अंत्येष्टि संस्कार : पूर्ण समाधिकरण, आंशिक समाधिकरण व दाहसंस्कार

हड़प्पा संस्कृति की नागरिकोत्तर अवस्था :

* हड़प्पा संस्कृति 1900 ई.पू. तक रही, इसके बाद नगर धीरे-धीरे लुप्त हो गए।
* इसके लक्षण पाकिस्तान, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उ.प्र., कश्मीर, मे मिलते हैं।
* कार्यकाल : 1900 से 1200 ई.पू.। इसे उपसिंधु संस्कृति भी कहते हैं।
* यह मूलतः ताम्रपाषाणिक है जिसमे पत्थर व तांबे के औजारों का उपयोग हुआ है।
* यह ग्रामीण सभ्यता थी जहां लोग कृषि, पशुपालन व शिकार करते। (जैसे - स्वात घाटी)
* वे मंद-चाल वाले-चाक पर बने काला-धूसर ओपदार मृदभांडों का इस्तेमाल करते।
* स्वात घाटी के निवासी चाक पर लाल पर काले रंग वाले मृदभांड तैयार करते जो आरंभिक नागरिकोत्तर मृदभांडो के निकट संबंध थे।
* उत्तर-हड़प्पा-पात्र : भगवानपुरा के चित्रित धूसर मृदभांड (PGW)

सिंधु सभ्यता विलुप्ति के कारण :

* बाह्य आक्रमण
* भूतात्विक परिवर्तन
* जलवायु परिवर्तन
* विदेशी व्यापार मे गतिरोध
* साधनो का तीव्रता से उपभोग
* बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदा
* प्रशासनिक शिथिलता

SHREERAM CLASSES

– हड़प्पा सभ्यता के प्रमुख स्थल –

क्र.सं.	स्थल	स्थिति	नदी	उत्खननकर्ता	विशेषताएं
1.	हड़प्पा	मोंटगोमरी, पाक.	रावी के बांए तट पर	दयाराम साहनी, माधोस्वरूप वत्स (1921, 1926)	• विशाल अन्नागार, श्रमिक आवास, • स्त्री गर्भ से निकलता पौधा • चाँदी का सबसे प्राचीन साक्ष्य • सर्वाधिक मुहरें • भारत का प्रथम शहर
2.	मोहनजोदड़ो	लरकाना, सिंध (पाक)	सिंधु	राखलदास बनर्जी (1922)	• मृतकों का टीला • विशाल स्नानागार • कुषाणकालीन बौद्ध स्तूप • कांसे की नर्तकी मूर्ति • योगी/पुजारी • मुद्रा पर पशुपतिनाथ • घोड़े के दांत
3.	चान्हूदड़ो	सिंध प्रांत, पाक.	सिंधु	गोपाल मजूमदार (1931)	• हड़प्पा व प्राक् हड़प्पा दोनों के साक्ष्य • झूकर व झांकर संस्कृति • वक्राकार ईंटो का एकमात्र स्थल • मनका निर्माण उद्योग • बिल्ली का पीछा करते कुत्ते के पदचिन्ह
4.	कालीबंगा	हनुमानगढ़	घग्घर	अमलानंद घोष, बी.बी. लाल, बी.के. थापर (1952)	• काली चूड़ियां नाम • हवनकुंड, जुते खेत, अलंकृत ईंटे, बेलनाकार मुहरें, युगल समाधियां
5.	लोथल	अहमदाबाद (गुज.)	भोगवा	रंगनाथ राव (1957)	• बंदरगाह नगर, डॉकयार्ड/गोदीवाड़ा • फारसी मुद्रा, अग्निकुंड, पक्के रंग के पात्र चावल के प्रथम साक्ष्य, बाजरे का साक्ष्य घोड़े की लघु मृण्मूर्तियां, मृदभांड, चक्की • पंचतंत्र कहानी साक्ष्य: (चालाक लोमड़ी) चित्र
6.	बनवाली	हिसार (हरि.)	रंगोई	रविंद्र सिंह बिष्ट (1974)	• हल की खिलौना आकृति • तिल, सरसों का ढेर, मनके
7.	धौलावीरा	कच्छ (गुजरात)	—	रविंद्र सिंह बिष्ट (1990-91)	• वर्तमान भारत में खोजा गया दूसरा विशाल नगर (प्रथम: राखीगढ़ी) • प्राचीर युक्त क्षेत्र/मध्य नगर
8	सुरकोटडा	कच्छ (गुजरात)	—	जगपति जोशी (1964)	• घोड़े की अस्थियों वाला एकमात्र स्थल
9.	रंगपुर	काठियावाड़ (गुज.)	मादर	माधोस्वरूप वत्स (1931)	• धान की भूसी का ढेर, कच्ची ईंटों के दुर्ग
10.	कोटदीजी	खैरपुर, सिंध (पाक)	सिंधु	फजल अहमद (1953)	• बाणाग्र, कांस्य चूड़ियां, धातु उपकरण
11.	सुत्कांगेडोर	मकरान (पाक)	दाश्क	ऑरेल स्टाइन (1927)	• IVC का सबसे पश्चिमी क्षेत्र
12	रोपड़	पंजाब	सतलज	यज्ञदत्त शर्मा (1953)	• खुदाई में पांच क्रमिक संस्कृतियां • कब्र के नीचे कुत्ते का शवाधान वाला एकमात्र हड़प्पा स्थल (नवपाषाण में बुर्जहोम)

SHREERAM CLASSES

13.	आलमगीरपुर	मेरठ(UP)	हिण्डन नदी	यज्ञदत्त शर्मा (1958)	• सबसे पूर्वी स्थल
14.	माँडा	ज.कश्मीर	चिनाब नदी		• हड़प्पा क्षेत्र की सबसे उत्तरी बस्ती • मृदभांड, टेराकोटा
15.	दैमाबाद	अहमदनगर (महाराष्ट्र)	नर्मदा		• सबसे दक्षिणी क्षेत्र

अन्य प्रमुख तथ्य :

* विस्तार के आधार पर स्टुअर्ट पिगट ने हड़प्पा व मोहनजोदड़ो को विस्तृत साम्राज्य की जुड़वा राजधानियाँ बताया ।
* मुहरों पर सर्वाधिक चित्र : एक सींग वाला बैल
* बंदरगाह नगर : लोथल, सुत्कांगेडोर, अल्लाहदीनो, बालाकोट, कुनतासी
* अफगानिस्तान मे हड़प्पा क्षेत्र : मुंडीगाक, सुर्तोगोई, देहमोरासी, घुंडई
* सर्वाधिक प्रचलित उपासना : मातृदेवी
* पूजनीय पशु : कूबड़ वाला सांड
* सैंधव वासी परिचित नहीं थे - तलवार, लौह, मंदिर, दालें

SHREERAM
CLASSES

सिंधु सभ्यता के मुख्य बिंदु

भूमिका
- विस्तार
- क्षेत्रफल
- खोज
- नाम
- प्रदेश
- कालक्रम

नगर योजना
- दुर्ग
- सड़कें
- जल-निकास
- स्नानागार
- अन्नागार
- पक्की ईंटें

कृषि
- उपजाऊ
- वनस्पति
- बाढ़
- खाद्यान्न
- राजस्व
- कपास

पशुपालन
- पालतू पशु
- प्रिय पशु
- घोड़े के साक्ष्य

शिल्प व तकनीक
- कॉस्य उपकरण
- सूती, ऊनी वस्त्र
- तकलियां
- विशाल इमारतें
- निर्माण उद्योग

व्यापार
- आंतरिक
- विदेशी
- संबंध
- लोथल
- आयात वस्तुएं

धर्म
- धार्मिक भवन
- अग्निपूजा
- उर्वरता देवी
- स्त्रीपूजा
- पुरुष देवता
- पशुपूजा
- सूर्यपूजा

लिपि
- खोज
- 4000 नमूने
- भावचित्रात्मक
- आविष्कार
- पढ़ी नहीं

माप-तौल
- 16 के आवर्तक
- माप स्केल

मुहरें
- सर्वाधिक
- कूबड़ सांड
- चित्र
- वर्गाकार
- सेलखड़ी
- फारसी

प्रतिमाएं
- नर्तकी
- सेलखड़ी
- मृण्मूर्तियां

समाज
- मातृसत्तात्मक
- शांतिप्रिय
- वाणिज्यिक
- खान-पान
- मनोरंजन
- वस्त्र
- अंत्येष्टि

पतन के कारण
- आक्रमण
- प्रा. आपदा
- जलवायु प.
- विदेशी व्या. x
- तीव्र उपभोग
- प्रशा. शिथिलता

प्रमुख स्थल
- हड़प्पा
- मो. जोदड़ो
- चान्हूदड़ो
- कालीबंगा
- लोथल
- बनवाली
- धौलावीरा
- रंगपुर

अन्य तथ्य
- सर्वा. चित्र
- बंदरगाह नगर
- पूजनीय पशु
- परिचित नहीं

SHREERAM
— CLASSES —

2. वैदिक सभ्यता 1500 – 1000 ई.पू.

आर्यों का मूल निवास - स्थान व पहचान (भौगोलिक विस्तार)

* आर्य एक नस्ल के नहीं थे। लेकिन उनकी प्रारंभिक संस्कृति समान थी।
* भाषा : हिन्द-यूरोपीय। जो आज इरान व भारतीय उपमहाद्वीप में बोली जाती है।
* मूल स्थान : यूरेशिया (आल्प्स पर्वत के पूर्वी क्षेत्र में)
* व्यवसाय : पशुचारण (कृषि का स्थान गौण)
* आर्यों के जीवन में घोड़े का स्थान सर्वाधिक महत्व का था। घोड़ों की तेज रफ्तार के कारण वे 2000 ई.पू. के बाद पश्चिमी एशिया में चढ़ाई करने में सफल हुए।
* मध्य एशिया व इरान होते हुए भारत आए। भारत में आर्यों की जानकारी ऋग्वेद में मिलती है जो हिन्द-यूरोपीय भाषाओं का सबसे पुराना ग्रंथ है। इसमें आर्य शब्द 36 बार.....।
* ऋग्वेद में अग्नि, इन्द्र, मित्र, वरुण आदि देवताओं की स्तुतियां संगृहीत है जिनकी रचना विभिन्न गोत्रों के ऋषियों ने की है।
* ऋग्वेद में 10 मंडल/भाग हैं जिनमें 2 से 7 तक प्राचीनतम अंश है। प्रथम व 10वां मंडल सबसे बाद में जोड़े गए।
* 'अवेस्ता' इरानी भाषा का प्राचीनतम ग्रंथ है जिसमें ऋग्वेद की अनेक बातें मिलती हैं
* हिन्द-यूरोपीय भाषा का सबसे पुराना नमूना इराक में 2200 ई.पू. में पाए अभिलेख में मिला लेकिन भारत में अब तक कोई अभिलेख नहीं मिला।
* भारत में आर्यों का आगमन 1500 ई.पू. के लगभग हुआ।
* ये लोग छेद वाली कुल्हाड़ियों, कांसे के कटारें और खड्गों का प्रयोग करते थे जो पश्चिमोत्तर भारत में मिले हैं। मध्य एशिया में घोड़ों के शवदाह प्रथा के साक्ष्य मिले हैं।
* सुवास्तु और गोमती नदियों (पाकिस्तान की स्वात घाटी व गोमल घाटी) का उल्लेख ऋग्वेद में है
* आरंभिक आर्यों का निवास पूर्वी अफगानिस्तान, पाकिस्तान व भारत के पंजाब तथा हरियाणा में था।
* ऋग्वेद में अफगानिस्तान की कुंभा आदि नदियों तथा सिंधु व उसकी सहायक नदियों का उल्लेख है।
* सिंधु आर्यों की प्रमुख नदी है जिसका उल्लेख बार-बार किया है। दूसरी प्रमुख उल्लिखित नदी सरस्वती (वर्तमान घग्घर) है जिसे नदीतम (सर्वश्रेष्ठ नदी) कहा गया है।
* आर्य लोग ताँबा खेतड़ी से प्राप्त करते। जहां प्रथमत: आर्य लोग बसे वह सारा प्रदेश सप्तसिंधु (सात नदियों का देश) नाम से प्रसिद्ध हुआ। इसमें अफगानिस्तान भी था।
* प्रथम खेप में आए ऋग्वैदिक आर्यों का दास, दस्यु नामक स्थानीय जनों से संघर्ष हुआ ये दस्यु इस देश के मूल निवासी थे।
* आर्यों की भाषा : संस्कृत

जनजातीय संघर्ष :

* इंद्र ने आर्यों के शत्रुओं को बार-बार पराजित किया। ऋग्वेद में इन्द्र को पुरंदर कहा गया है (दुर्गों को तोड़ने वाला)
* आर्यों की जीत का कारण : अश्वचालित रथ व कवचधारी सैनिक
* भरत व त्रित्सु आर्यों के शासक वंश थे। इस देश का नाम इसी भरत कुल के कारण भारतवर्ष पड़ा
* भरत व 10 राजाओं के बीच युद्ध को दसराज्ञ युद्ध कहा है। जो परुष्णी नदी (वर्तमान रावी) तट पर हुआ

SHREERAM CLASSES

* इस युद्ध मे सुदास की जीत हुई और भरतों की प्रभुता कायम हुई। पराजितों मे पुरुजन सबसे महान थे। कालांतर मे भरतों और पुरुओं के मध्य मैत्री हुई और दोनो ने मिलकर नया शासक कुल बनाया जो कुरु नाम से प्रसिद्ध हुआ। फिर कुरुजनों ने पांचालों के साथ मिलकर ऊच्च गंगा मैदान मे अपना संयुक्त राज्य स्थापित किया। यहाँ कुरु-पांचालो ने उत्तर-वैदिक काल मे बड़ा महत्व प्राप्त किया।

भौतिक जीवन :

* भारत मे आर्यों की सफलता के कारण थे घोड़े, रथ व कांसे के बेहतर हथियार।
* कृषि की जानकारी थी : ऋग्वेद मे फाल का उल्लेख। ऋतुओं की जानकारी थी।
* ऋग्वेद मे गाय व सांड की अत्यधिक चर्चा के कारण इन्हे पशुचारक कहा जाता है।
* ऋग्वेद मे युद्ध का पर्याय गविष्टि (गाय का अन्वेषण) है।
* पुरोहितों को दान-दक्षिणा मे गायें व दासियाँ होती न कि भूमि।
* शिल्पी: बढ़ई, रथकार, बुनकर, चर्मकार, कुम्हार
* अयस- तांबा/कांसा
* व्यापार X
* हरियाणा के भगवानपुरा से उत्तर-हड़प्पाकालीन मृदभांडो के साथ चित्रित धूसर मृदभांड (PGW) पाए है जिनकी तिथि ऋग्वैदिक युग के समान है। (1600-1000 ई.पू.)
* लोहा व अनाज के अवशेष X

राजनीतिक व्यवस्था :

* आर्यों का प्रशासन तंत्र कबीले के प्रधान के हाथों चलता था, क्योंकि वही युद्ध का सफल नेतृत्व करता था। वह राजन (अर्थात राजा) कहलाता। यह पद आनुवंशिक हो चुका था।
* राजा एक प्रकार का सरदार था उसके हाथ मे असीमित अधिकार नहीं थे क्योंकि उसे कबायली संगठनों से सलाह लेनी पड़ती थी।
* 'समिति' - कबीले की आम सभा थी जो राजा को चुनती थी, राजा कबीले के मवेशी की रक्षा करता, युद्ध मे लड़ता।
* ऋग्वेद मे कबीले या कुलों के आधार पर बने बहुत से संगठनो का उल्लेख है, जैसे सभा, समिति, विदथ, गण। ये संगठन विचार-विमर्श करते व सैनिक तथा धार्मिक कार्य देखते
* स्त्रियां भी सभा और विदथ मे भाग लेती थी।
* सभा व समिति ये दोनो संगठन इतने महत्वपूर्ण थे कि प्रधान या राजा भी समर्थन के लिए इनका मुंह जोहते रहते थे। (सभा = श्रेष्ठ लोगों की, समिति = आम लोगों की)
* दैनिक प्रशासन मे राजा की सहायता करने वाला सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी पुरोहित था, ऋग्वेद काल मे वसिष्ठ और विश्वामित्र दो महान पुरोहित हुए। वसिष्ठ रूढ़िवादी तथा विश्वामित्र उदार था। लोगों को आर्य बनाने के लिए विश्वामित्र ने गायत्री मंत्र की रचना की
* पुरोहित राजा को कर्तव्यों का उपदेश देते, गुणगान करते। बदले मे गायों व दासियों की दान-दक्षिणा पाते

SHREERAM CLASSES

* पुरोहित के बाद प्रमुख स्थान सेनानी का था। जो शस्त्र चलाना जानता था।
* कर वसूलने वाले अधिकारी का उल्लेख नहीं है। प्रजा स्वेच्छा राजा को उसका अंश स्वेच्छा से देती जिसे बलि (अर्थात चढ़ावा) कहते थे।
* युद्ध में प्राप्त भेंट और लूट की वस्तुएं सभा में बांटी जाती।
* आर्यों की प्रशासनिक इकाई :- कुल → ग्राम → विश → जन → राष्ट्र
* कुल या परिवारों का प्रधान कुलप, ग्राम का प्रधान ग्रामणी, विश का प्रधान विशपति तथा जन के शासक को राजन कहा जाता।
* 'व्राजपति' चारागाह/गोचर भूमि या बड़े जत्थे का प्रधान।
* पुरप – दुर्गपति, स्पश – गुप्तचर, उग्र – अपराधियों को पकड़ने वाले
* राजा के पास स्थायी सेना नहीं होती, युद्ध के समय व्रात, गण, ग्राम व सर्ध नामक विभिन्न कबायली टोलियां युद्ध लड़ती।

कबीला और परिवार :

* सामाजिक संगठन का आधार गोत्र या जन्ममूलक संबंध था। व्यक्ति की पहचान उसके गोत्र से होती थी (या कुल से)। परिवार का प्रधान: कुलप/गृहपति।
* लोगों की सबसे अधिक आस्था अपने कबीले के प्रति रहती जिसे जन कहा जाता था। किसी जन में सदस्यों की संख्या 100 से अधिक नहीं होती। ऋग्वेद में जन शब्द का उल्लेख 275 बार हुआ है। लेकिन जनपद (अर्थात राज्यक्षेत्र) का एकबार भी नहीं। क्योंकि इन दिनों राज्य स्थापित नहीं हो पाया था। लोग कबीले के अंग थे।
* ऋग्वेद में दूसरा महत्वपूर्ण शब्द जो कबीले के अर्थ में मिलता है, वह है 'विश' इसे अनुवाद में गोत्र या कबीला भी कहा जा सकता है। 170 बार उल्लेख।
* विश को लड़ाई के उद्देश्य से ग्राम नामक टोलियों में बांटा गया था, ग्राम जब आपस में टकराते तो संग्राम या युद्ध होता।
* परिवार के अर्थ में 'गृह' शब्द था जो बार-बार आया है। रोमन समाज की तरह यह पितृसत्तात्मक परिवार था। अनेक पीढ़ियां साथ-साथ रहती।
* ऋग्वेद में कहीं बेटी के लिए कामना नहीं की गई है। वीर पुत्रों के लिए प्रार्थना की जाती। * शिक्षित/विदुषी स्त्रियां – लोपामुद्रा, घोषा, सिकता, आपला एवं विश्वारा।
* स्त्रियां सभा-समितियों में भाग ले सकती थी, पतियों के साथ यज्ञ कर सकती थी।
* सूक्तों की रचनाएं करने वाली पाँच महिलाएं ज्ञात हैं। सूक्तों की रचना मौखिक होती थी।
* जुड़वा भाई बहन यम और यमी की कहानी में यमी ने यम से विवाह का प्रस्ताव रखा यम ने अस्वीकार कर दिया। * 'अमाजू' - आजीवन कुंवारी महिला।
* बहुपति-प्रथा थी। नियोग-प्रथा (विधवा द्वारा देवर से विवाह) व विधवा-विवाह का प्रचलन था, लेकिन बाल विवाह नहीं।

सामाजिक वर्गीकरण :

* वर्ण शब्द का प्रयोग रंग के अर्थ में होता था। आर्य भाषी गौरे व मूलवासी काले वर्ण के थे।
* आर्यों द्वारा जीते गए दास व दस्यु जनों के लोग दास (गुलाम) व शूद्र हो गए।

* यहीं से सामाजिक असमानता शुरू हुई । जीती गई वस्तुओं मे कबीले के सरदारों और पुरोहितों को अधिक हिस्सा मिलता ।
* धीरे-धीरे कबायली समाज तीन वर्गों मे बंट गया – योद्धा, पुरोहित व प्रजा इसमे चौथा वर्ग शूद्र कहलाया जो ऋग्वेद काल के अंत मे दिखाई पड़ता है। क्योंकि इसका उल्लेख ऋग्वेद के दशम मंडल मे है जो सबसे अंत मे जोड़ा गया।
* समाज का व्यवसाय के आधार पर वर्गीकरण हुआ । लेकिन यह विभेदीकरण इतना कड़ा नहीं था । जैसे ऋग्वेद मे एक परिवार का सदस्य कहता है – " मैं कवि हूं, मेरे पिता वैद्य है, मेरी माता चक्की चलाने वाली है, भिन्न-भिन्न व्यवसायों मे जीविकोपार्जन करते हुए हम एकसाथ रहते हैं।"
* मुख्य आर्थिक आधार पशुचारण था अतः कर/राजस्व वसूली की गुंजाइश कम थी

ऋग्वैदिक देवता :

* हर समुदाय को अपना धर्म का आलोक अपने ही परिवेश में मिलता है। वर्षा का होना, सूर्य और चन्द्र का उदय, नदी, पर्वत आदि का अस्तित्व, ये सब बातें वैदिक लोगों के लिए पहेली थी अतः उन लोगों ने इन प्राकृतिक शक्तियों को अपने मन में दैहिक रूप देकर इन्हे प्राणियों के रूप मे देखा और इनमे मानव व पशु के गुण आरोपित किए।
* ऋग्वेद का सबसे प्रतापी देवता – इन्द्र (पुरन्दर/किले तोड़ने वाला)
* इंद्र आर्यों के युद्ध नेता के रूप मे चित्रित है, जिसने असुरों से लड़ने मे आर्य सैनिकों का नेतृत्व किया और उन्हे विजय दिलाई। इंद्र पर 250 सूक्त है। वह वर्षा करनेवाला बादल का देवता है
* अग्नि का दूसरा स्थान है, उसपर 200 सूक्त है । समझा जाता है कि अग्नि मे डाली आहुतियाँ धूंआ बनकर आकाश मे जाती है और अंततः देवताओं को मिल जाती है।
* वरुण का तीसरा स्थान है जो जल या समुद्र का देवता है। उसे ऋतु अर्थात प्राकृतिक संतुलन का रक्षक कहा गया है। जगत मे जो भी घटना होती है वह उसी की इच्छा का परिणाम है।
* सोम वनस्पतियों का अधिपति माना गया है तथा एक मादक रस का नाम इसी के नाम पर पड़ा है। ऋग्वेद मे पौधे से सोमरस बनाने की विधि बताई गई है। (वनस्पति देवता)
* मरुत आँधी के देवता
* द्यौ - आकाश का देवता (सबसे प्राचीन)
* आश्विन - विपत्तियों को हरने वाले देवता।
* पूषन - पशुओ का देवता
* देवियाँ :- अदिति व उषा (प्रभात/प्रगति व उत्थान की)

उत्तर-वैदिक अवस्था : (1000-600 ई.पू.)

* उत्तर वैदिक काल का इतिहास मुख्यतः उन वैदिक ग्रंथों पर आधारित है जिनकी रचना ऋग्वैदिक काल के बाद हुई।
* ऋग्वैदिक संहिता सबसे पुराना ग्रंथ है। वैदिक सूक्तों/मंत्रों के संग्रह को संहिता कहते हैं।
* गाने के लिए ऋग्वैदिक सूक्तों को धुन मे बांधकर सामवेद संहिता तैयार किया।
* यजुर्वेद मे यज्ञ अनुष्ठान है।
* अथर्ववेद में विपत्तियों तथा व्याधियों के निवारण हेतु तंत्र-मंत्र संगृहीत हैं।
* इस काल मे प्राप्त बस्तियों को चित्रित धूसर मृदभांड (PGW) स्थल कहते हैं। (लौहअवस्था के)
* ये लोहे के हथियारों का इस्तेमाल करते।
* कुरु-पांचालों की सत्ता दिल्ली क्षेत्र के ऊपरी दोआब तक फैली। उन्होने हस्तिनापुर (मेरठ) को अपनी राजधानी बनाया। कुरु कुल का इतिहास भारत-युद्ध को लेकर मशहूर है। जिस पर 'महाभारत' नामक महाकाव्य विख्यात है। यह युद्ध कौरवों व पांडवों के बीच 950 ई.पू. मे हुआ। ये दोनो कुरु कुल के ही थे। इस युद्ध से समस्त कुरुवंश का नाश हो गया।
* वर्तमान बरेली, बदायूं और फर्रुखाबाद जिलों मे फैला पांचाल राज्य उत्तर वैदिक साहित्य मे वर्णित अपने दार्शनिक राजाओं और तत्वज्ञानी ब्राह्मणों को लेकर विख्यात था।

लौहावस्था संस्कृति और उत्तर वैदिक अर्थव्यवस्था :

* लगभग 1000 ई.पू. मे लौह धारवाड़ (कर्नाटक), गंधार (पाकिस्तान), बलूचिस्तान, पंजाब प. उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश मे इस्तेमाल होने लगा। (नोक, बरछे, फाल...)
* ऊपरी गंगा मैदानों मे लोहे की कुल्हाडी जंगल साफ करने मे काम ली गई। (कृषि औजार कम)
* गंगा घाटी मे पाए गए सबसे पुराने लौहास्त्र 7वीं सदी ई.पू. के हैं।
* उत्तर वैदिक ग्रंथों में इस धातु को श्याम/कृष्ण अयस कहा गया है।
* वैदिक ग्रंथों में 6, 8, 12, 24 तक बैल हल जोतने की चर्चा है। यज्ञों मे पशु-बलि के कारण बैलों की कमी रही।
* शतपथ ब्राह्मण मे हल संबंधी अनुष्ठान का लंबा वर्णन है। (Ex सीता के पिता और विदेह के राजा जनक ने हल चलाया था।)
* मुख्य फसल = चावल व गेहूँ। वैदिक ग्रंथों मे चावल का नाम 'व्रीहि' है। चावल का अवशेष हस्तिनापुर मे मिला है। एटा जिले मे अतरंजीखेडा मे भी चावल मिला है।
* उत्तर वैदिक काल के लोग 4 प्रकार के मृदभांडों से परिचित थे Ex- काला-व-लाल मृदभांड, काली पॉलिशदार मृदभांड, चित्रित धूसर मृदभांड और लाल मृदभांड। लेकिन चित्रित धूसर मृदभांड सर्वोपरि है।
* स्वर्णकारों व आभूषण निर्माताओं का उल्लेख है। जो सम्पन्न वर्ग की आवश्यकता पूर्ति करते
* खेती व विविध शिल्पों की बदोलत अब उत्तरवैदिक काल के लोग स्थायी जीवन अपनाने लगे।
* इलाहाबाद के पास हस्तिनापुर व कौशांबी वैदिक काल के अंत मे आद्यविकास वाले नगर थे। इन्हे आद्य नगरीय स्थल (प्रोटो अर्बन साइट) कहा जाता है।
* वैदिक ग्रंथों मे समुद्र व समुद्री यात्रा की चर्चा है। * निष्कर्ष:- वैदिक लोगों के जीवन मे भारी उन्नति हुई।

SHREERAM CLASSES

राजनीतिक संगठन :

* अब ऋग्वैदिक जनता वाली सभा व समिति का अस्तित्व अधिक नहीं रहा सत्ता मे राजाओं व अभिजात्यों का बोलबाला हो गया । अब सभा मे स्त्रियों का प्रवेश निषिद्ध हो गया तथा कुलीनो व ब्राह्मणों का प्रभुत्व हो गया ।
* कबीले का सरदार अब शासक/राजा बन गया । कबीले के नाम पर अब प्रदेशों के नाम पड़ने लगे । जैसे : पहले पांचाल एक जन/कबीला था बाद मे यह प्रदेश विशेष बना ।
* 'राष्ट्र' शब्द जिसका अर्थ क्षेत्र या प्रदेश होता है, सर्वप्रथम इसी समय मिलने लगा ।
* राज्य के प्रधान या राजा निर्वाचित होता था जो शारीरिक व अन्य गुणों से सर्वश्रेष्ठ होता वही राजा चुना जाता था । अब राजा ने अपना पद आनुवांशिक बना लिया
* राजा राजसूय यज्ञ करता था, जिसका अर्थ था - राजा को दिव्य शक्ति मिल गई ।
* राजा अश्वमेध यज्ञ से एक घोड़ा छोड़ता, जो बेरोक जिन क्षेत्रों से गुजरता वहां उसका एकछत्र राज्य होता
* राजा वाजपेय यज्ञ (रथदौड़) द्वारा अन्य बन्धुओं के रथों से आगे निकलता व शक्ति प्राप्त करता
* कर संग्रहण अधिकारी - 'संग्रीहीता' (कोषाध्यक्ष) / भागदुघ (अर्थमंत्री)
* निचले स्तर मे प्रशासन का भार ग्राम-सभाओं पर रहता, जिनपर प्रमुख कुलों के प्रधानों का नियंत्रण रहता । ये स्थानीय वाद-विवाद सुलझाते ।
* सेना स्थायी नही थी, युद्ध के समय कबीले के जवानों के दल भरती किए जाते । युद्ध मे विजय पाने की कामना से राजा अपने भाई-बंधुओं (विश्) के साथ एक ही थाली मे भोजन करता ।
* राजा के दैवीय उत्पत्ति सिद्धांत : ऐतरेय ब्राह्मण
* रत्नी - राजपरिषद के अधिकारी * सूत - रथ सेना का नायक
* अग्निष्टोम - यज्ञ जिसमे सोम पीया जाता तथा अग्नि को पशुबली दी जाती ।
* राजा को आय का 16 वाँ भाग मिलता - अथर्ववेद

सामाजिक व्यवस्था :

* उत्तर वैदिक समाज 4 वर्णो मे विभक्त था - ब्राह्मण, क्षत्रिय (राजन्य), वैश्य, शूद्र ।
* ब्राह्मण सबसे प्रतिष्ठित - धार्मिक अनुष्ठान व यज्ञ करते, युद्ध मे राजा की जीत हेतु देव आराधना करते
* राजाओं के परिजन होते हुए भी वैश्य जन साधारण की श्रेणी मे रखे गए व कार्य सौंपा - कृषि, पशुपालन व उत्पादन संबंधी । * व्यवसाय = आनुवांशिक ।
* राजस्व केवल वैश्य ही चुकाते ।
* उपर के तीनो वर्णो को उपनयन संस्कार (वैदिक मंत्रो के साथ जनेऊ धारण कर अनुष्ठान करना) का अधिकार था । शूद्र केवल उक्त तीनो वर्णो का सेवक होता । तीनो को द्विज कहा जाता था ।
* गौत्र-प्रथा इसी काल मे शुरु हुई । गौत्र शब्द का अर्थ - गोष्ठ (स्थान जहां कुल का गोधन पाला जाता) परन्तु बाद मे इसका अर्थ - एक ही मूल पुरुष से उत्पन्न लोगों का समुदाय से हो गया । एक ही गौत्र मे मूल पुरुष वाले लोगों के साथ विवाह निषिद्ध हुआ ।
* समाज मे 4 आश्रम - ब्रह्मचर्य (छात्रावस्था), गृहस्थाश्रम, वानप्रस्थ (वनवासावस्था), सन्यास । जाबालोपनिषद मे चारों आश्रमों का विवरण मिलता है ।
* स्त्रियों के लिए व शूद्रों के लिए उपनयन संस्कार नही था । स्त्रियों को पैतृक संपत्ति अधिकार भी नहीं ।

धर्म और दर्शन :

* यज्ञ इस संस्कृति का मूल था तथा यज्ञ के साथ-2 अनेकानेक अनुष्ठान व मंत्रविधियों का प्रचलन हुआ।
* इंद्र और अग्नि अब इतने प्रभावी देवता नहीं रहे। इनका स्थान देवता 'प्रजापति' ने ले लिया
* 'रुद्र' - पशुओं का देवता, अब इसने शिव के रूप में प्रसिद्धि पायी।
* 'विष्णु' अब उनका पालक व रक्षक बन गया।
* 'पूषन' - जो पशुओं का रक्षक था, अब शूद्रों का देवता बन गया।
* मूर्तिपूजा का कुछ आभास मिलने लगा।
* वैदिक आर्यों मे प्रचलित बहुत से अनुष्ठान हिन्द-यूरोपीय भाषा भाषियों के कर्मकांड से मिलते हैं, लेकिन कुछ हिन्द-भूमि मे विकसित प्रतीत होते हैं।
* समस्त मंत्रों व यज्ञों का सृजन, अंगीकरण और विस्तारण पुरोहितों ने किया जो ब्राह्मण कहलाते थे। जिनका ज्ञान-विज्ञान पर एकाधिकार था।
* 'शतपथ ब्राह्मण' - अश्वमेध यज्ञ मे पुरोहित को उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम दिशाएं देनी हैं।

प्रमुख दर्शन एवं रचियता

दर्शन	रचियता/प्रवर्तक
चार्वाक (भौतिकवादी)	चार्वाक
सांख्य	कपिल
योग	पतंजलि
न्याय	गौतम
पूर्व मीमांसा	जैमिनी
उत्तर मीमांसा	बादरायण (ब्रह्मसूत्र)
वैशेषिक	कणाद/उलूक

SHREERAM
CLASSES

स्मरणीय तथ्य

* हल की जुताई विवरण - शतपथ ब्राह्मण
* बलि, शुल्क, भाग - राजस्व का रूप
* विश् द्वारा राजा के चुनाव विवरण - अथर्ववेद
* 12 प्रकार के रत्नियों (अधिकारियों) की जानकारी - शतपथ ब्राह्मण
* ब्राह्मण सूत का, क्षत्रिय सन का व वैश्य ऊन का यज्ञोपवीत धारण करते हैं। - तैत्तिरीय ब्राह्मण
* मीमांसा दर्शन वैदिक कर्मकांड का शास्त्रीय रूप मे प्रतिपादन करने पर बल देता है। वेद द्वारा विहित कर्म ही धर्म है।
* राजा वही होता है जिसे प्रजा का समर्थन प्राप्त हो। → शतपथ ब्राह्मण।
* राजकीय यज्ञों मे सर्वाधिक प्रसिद्ध व महत्वपूर्ण यज्ञ - अश्वमेध यज्ञ।
* लोपामुद्रा अगस्त्य ऋषि की पत्नि तथा वैदिक ऋचाओं की रचयिता थी।
* घोषा अविवाहित कन्या थी।
* ऋग्वैदिक शिक्षा पद्धति - मण्डूक सूक्त
* पुनर्जन्म का सिद्धांत सर्वप्रथम - शतपथ ब्राह्मण
* अश्वमेध, वाजपेय व राजसूय आदि यज्ञों मे छिपा मूल उद्देश्य — कृषि उत्पादन बढ़ाना
* सर्वाधिक बड़ा लौह पुंज (भंडार) - अतंरजीखेड़ा
* उत्तरवैदिक काल मे ही मूर्तिपूजा शुरू हुई।
* निष्क (सोने का सिक्का), शतमान (चांदी का)
* सबसे विशाल उपनिषद - बृहदारण्यक
* यज्ञ एक ऐसी नौका है जिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। → मुंडकोपनिषद्
* सर्वप्रथम निष्काम कर्म सिद्धांत - ईशोपनिषद् में
* पणि - सुदूर देशों तक जानेवाले व्यापारी

विभिन्न परीक्षाओं मे पूछे गए - (वैदिक सभ्यता)

* आर्य शब्द का अर्थ - श्रेष्ठ या कुलीन
* वैदिक लोगों की फसलें - जौ, गेहूं, चावल

मगध साम्राज्य व महाजनपद



* छठी शताब्दी ई.पू. से पूर्वी उत्तरप्रदेश और पश्चिमी बिहार मे लोहे का व्यापक प्रयोग होने से यहां बड़े-बड़े प्रादेशिक/जनपद राज्यों के निर्माण की परिस्थितियां बनी।
* खेती हेतु आवश्यक औजारों की मदद से पैदावार बढ़ी। राजा का राजस्व बढ़ा व सैनिकों की संख्या बढ़ी।
* भौतिक लाभों व कृषि जमीन का महत्व बढ़ा व अपने साम्राज्य विस्तार की भावना पनपी।
* यह सब बुद्ध के जन्म से पूर्व हुआ तथा 16 महाजनपदों का उदय हुआ। इनकी जानकारी हमें बौद्ध ग्रंथ अंगुत्तर निकाय में मिलती है।
* इनमें मगध, कोसल, वत्स व अवंति ये चार सबसे शक्तिशाली थे।

* गणतंत्र महाजनपद : 2 - वज्जि, मल्ल (यहां शासन राजा नहीं गण/संघ द्वारा होता था)
* राजतंत्र महाजनपद : 14 - यहां शासन व्यवस्था राजा द्वारा संचालित होती थी।

1. वज्जि -
2. मल्ल -
3. काशी - वाराणसी
4. कोशल - श्रावस्ती
5. अंग - चम्पा
6. मगध - राजगृह
7. शूरसेन - मथुरा
8. गान्धार - तक्षशिला
9. चेदि - सोत्थीवती/शक्तिमति
10. कम्बोज - हाटक/राजपुर
11. अवंति - उज्जैन व महिष्मति (2 राजधानियां)
12. पान्चाल - अहिक्षत्र व कांपिल्य
13. कुरु - इन्द्रप्रस्थ
14. अश्मक - पैठन (द. भारत का एकमात्र)
15. वत्स - कौशाम्बी
16. मत्स्य - विराटनगर

SHREERAM CLASSES

मगध के राजवंश :

1. हर्यक वंश :
* संस्थापक - बिम्बिसार , जो महात्मा बुद्ध का मित्र व संरक्षक
* राजधानी - राजगृह/ गिरिव्रज * प्रथम बौद्ध संगीति
* अंग के शासक ब्रह्मदत्त की हत्या कर अंग को मगध साम्राज्य में मिलाया।
* अजातशत्रु बिम्बिसार का का उत्तराधिकारी
* इसने राजगृह की किलेबंदी करवाई
* उदयिन अजातशत्रु का उत्तराधिकारी व जैन धर्मावलंबी था ।

2. शिशुनागवंश :
* संस्थापक : शिशुनाग
* राजधानी : वैशाली
* उत्तराधिकारी : कालाशोक
* दूसरी बोधसंगीति का आयोजन किया (वैशाली)
* राजधानी पाटलिपुत्र स्थानांतरित किया।

3. नंदवंश
* संस्थापक : महापद्मनंद (पाणिनी का मित्र)
* राजधानी : पाटलिपुत्र
* उत्तराधिकारी व अंतिम शासक : धनानंद
* इस दौरान 326 ई.पू. में यूनानी राजा सिकंदर ने भारत पर आक्रमण (पंजाब)
* चाणक्य ने चन्द्रगुप्त मौर्य के सहयोग से धनानंद को पराजित कर मौर्य वंश की नींव रखी।

SHREERAM
— CLASSES —

बौद्ध धर्म व महात्मा बुद्ध

* छठी शताब्दी ई.पू. को गंगा घाटी व उत्तर भारत में 62 धार्मिक सम्प्रदायों का उदय हुआ जिसमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण बौद्ध धर्म व जैन धर्म था। इनका उद्देश्य था ब्राह्मण धर्म व वैदिक कर्मकाण्डों व आडम्बरों के खिलाफ समाज का सुधार करना।

महात्मा बुद्ध का परिचय

जन्म से गृहत्याग

- जन्म : 563 ई.पू.
- स्थान : लुंबिनी (कपिलवस्तु, नेपाल)
- आधुनिक नाम : रुम्मिनदेई
- कुल : शाक्य
- गौत्र : गौतम
- बचपन नाम : सिद्धार्थ
- पिता : शुद्धोधन (शाक्य कुल मुखिया)
- शाक्य : इक्ष्वाकु वंशीय क्षत्रिय
- माता : महामाया (7वें दिन निधन)
- पालन : प्रजापति गौतमी (विमाता/मौसी)
- पत्नि : यशोधरा (कोलिय गणराज्य)
- पुत्र : राहुल
- गृहत्याग : 29 वर्ष आयु में
- घटना : महाभिनिष्क्रमण
- कारण : सांसारिक दुःख
- गृहत्याग प्रतीक : घोड़ा

गृहत्याग से ज्ञान प्राप्ति

- वैराग्य उत्पन्न करने वाले 4-दृश्य : 1. वृद्ध, 2. रोगी, 3. मृत, 4. प्रसन्न संन्यासी
- प्रथम गुरु : आलार कलाम (सांख्य दर्शन के आचार्य, अतः बौद्धधर्म पर सांख्य दर्शन का प्रभाव है।)
- ज्ञान प्राप्ति : 35 वर्ष आयु में
- स्थान : उरुवेला (बोधगया, बिहार)
- वृक्ष : वटवृक्ष (पीपल)
- दिन : 49 वें (तपस्या)
- दिन : बैशाख पूर्णिमा
- नदी : निरंजना (पुनपुन)
- घटना : सम्बोधि
- नाम : सिद्धार्थ से गौतम बुद्ध

ज्ञान प्राप्ति से निधन

- प्रथम उपदेश : 5 ब्राह्मण (सारनाथ, UP)
- पांचों बुद्ध के शिष्य बने
- सर्वा. उपदेश : श्रावस्ती (कौशल की राजधानी)
- सर्वाप्रचार : कौशल
- प्रचार केन्द्र : मगध
- प्रथम अनुयायी : 2-शूद्र तपस्सु व मल्लिक
- प्रधान शिष्य : उपालि (नाई)
- प्रिय शिष्य : आनंद (चचेरा भाई)
- निधन : 483 ई.पू. (80 वर्ष आयु)
- स्थान : कुशीनारा (UP)
- नदी : हिरण्यवती
- कारण : चन्द लुहार के घर दूषित भोजन से।
- घटना : महापरिनिर्वाण

महत्वपूर्ण घटनाएँ व प्रतीक

1. माता के गर्भ में आना	हाथी
2. बुद्ध का जन्म लेना	कमल
3. गृहत्याग	घोड़ा
4. ज्ञान प्राप्ति	बोधिवृक्ष
5. प्रथम उपदेश	धर्मचक्र
6. महापरिनिर्वाण	स्तूप

बुद्ध पूर्णिमा का महत्व

* इस दिन बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति, निधन। (यह बैशाख पूर्णिमा भी...)

समकालीन मगध शासक

* बिम्बिसार
* अजातशत्रु

बौद्ध धर्म की शिक्षाएँ

चार आर्य सत्य (4 Noble Truth)

1. दुःख - जीवन दुःखों से भरा है।
2. दुःख समुदाय/कारण - तृष्णा (तृष्णा का कारण : अज्ञान)
3. दुःख निरोध - तृष्णा पर विजय
4. दुःख निरोध मार्ग - आष्टांगिक मार्ग

आष्टांगिक मार्ग (Eight Fold Path)

1. सम्यक दृष्टि (Right Thought)
2. सम्यक संकल्प (Right Belief)
3. सम्यक वाणी (Speach)
4. सम्यक कर्मांत (Action)
5. सम्यक आजीविका (Livelihood)
6. सम्यक व्यायाम (Endeavour/प्रयत्न)
7. सम्यक स्मृति (Recollection)
8. सम्यक समाधि (Meditation)

Short Trick : व्यास के आवास पर स्मृति की न दृष्टि

SHREERAM CLASSES

* निर्वाण : आष्टांगिक मार्गों का पालन करने से तृष्णा नष्ट हो जाती है, उसे निर्वाण कहते हैं। बौद्ध धर्म का परम लक्ष्य "निर्वाण" है, जिसका अर्थ है - दीपक बुझ जाना अर्थात जीवन-मरण-चक्र से मुक्त हो जाना
* निर्वाण प्राप्ति हेतु कठोर तप नहीं गृहस्थी में रहकर भी आष्टांगिक मार्ग अपनाए जा सकते हैं। इसे मध्यम मार्ग (middle path) कहते हैं।

सदाचारी जीवन के 10 नैतिक नियम/दस शील :

1. सत्य
2. अहिंसा
3. अस्तेय (चोरी न..)
4. अपरिग्रह (संपत्ति न..)
5. ब्रह्मचर्य

(जैन धर्म वाले भी हैं।)

6. सुगंधित वस्तु त्याग
7. स्त्रियों से दूर रहना
8. कोमल बिस्तर का त्याग
9. नृत्य, गायन, मादक से दूर रहें
10. असमय भोजन न करना

(अपराह्न भोजन करके, सुगंधित द्रव्यों के, कोमल बिस्तर का त्याग)

- त्रिरत्न : बुद्ध, धम्म, संघ (The enlightened), (धम्म = Doctrine), (संघ = Commune)
- त्रिपिटक : (यानि तीन टोकरी) - सुत्त, विनय एवं अभिधम्म पिटक

बौद्ध संगीतियाँ

संगीति	सन्	शासक	स्थान	अध्यक्ष	विवरण
1.	483 ई.पू.	अजातशत्रु	राजगृह	महाकश्यप	बौद्ध शिक्षाएं 2-पिटकों में संकलित : सुत्त व विनयपिटक
2.	383 ई.पू.	कालाशोक	वैशाली	सबाकामी	भिक्षु संघ में फूट : बंटे - थेरवादी (परम्परावादी) व महासंघिक
3.	251 ई.पू.	अशोक	पाटलिपुत्र	मोग्गलिपुत्ततिस्स	तीसरा पिटक : अभिधम्म पिटक की रचना
4.	98 ई.	कनिष्क	कुण्डलवन (JK)	वसुमित्र	दो भागों में बंटा : हीनयान (थेरवादी), महायान (महासंघिक)

अंतर

उच्च मार्ग / महायान	हीनयान / निम्न मार्ग
1. बुद्ध को ईश्वर का अवतार मानते हैं	1. बुद्ध को महापुरुष मानते हैं।
2. बुद्ध की मूर्तिपूजा पर बल	2. मूर्तिपूजा विरोधी
3. भाषा : संस्कृत	3. भाषा : पालि
4. करुणा व भक्ति पर बल	4. प्रज्ञा व ज्ञान पर बल
5. परिवर्तनवादी / उदारवादी	5. परम्परावादी / परिवर्तन विरोधी
6. प्रसार - चीन, जापान	6. प्रसार - श्रीलंका, जावा, बर्मा

प्रमुख तथ्य :

* बौद्ध व जैन दोनो अनीश्वरवादी है। ईश्वर को नहीं मानते।
* वेदों में अविश्वास, कर्मकाण्ड व आडम्बर विरोधी।
* प्रतीत्यसमुत्पाद (Dependent Origination) - किसी वस्तु के होने पर अन्य वस्तु की उत्पत्ति होती है। इसे कारण सिद्धांत कहते हैं।

SHREERAM CLASSES

जैन धर्म व महावीर स्वामी

* "जैन" शब्द की उत्पत्ति 'जिन' से हुई है, जिसका अर्थ है 'विजेता'
* महावीर स्वामी 42 वर्ष की आयु में कैवल्य/ज्ञान प्राप्ति के बाद जिन कहलाये।
* जैन धर्म में अब तक 24 तीर्थंकर हुए हैं। तीर्थंकर का अर्थ है- रास्ता दिखाकर भवसागर पार कराने वाला।
* जैन धर्म के प्रवर्तक ऋषभदेव थे, जिनका उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है।

जैन तीर्थंकर :

1. ऋषभदेव/आदिनाथ	7. सुपार्श्व	13. विमल	19. मल्लिनाथ
2. अजीतनाथ	8. चन्द्रप्रभा	14. अनन्त	20. मुनिसुब्रत
3. संभवनाथ	9. पुष्पदंत	15. धर्म	21. नेमिनाथ
4. अभिनंदन	10. शीतल	16. शांति	22. अरिष्टनेमि
5. सुमति	11. श्रेयान्स	17. कुन्थु	23. पार्श्वनाथ
6. पद्मप्रभु	12. वासुपूज्य	18. अरह	24. महावीर

* पार्श्वनाथ व महावीर को छोड़कर शेष की ऐतिहासिकता संदिग्ध है।
* पार्श्वनाथ का जन्म 850 ई.पू. वाराणसी/काशी में हुआ, इनके पिता अश्वसेन काशी के राजा थे।
* पार्श्वनाथ ने 4 महाव्रत दिए - सत्य, अहिंसा, अस्तेय व अपरिग्रह। इनमे ब्रह्मचर्य महावीर स्वामी द्वारा जोड़ा गया।

महावीर स्वामी : परिचय -

* जन्म : 540 ई.पू. कुण्डग्राम (वैशाली, बिहार) - क्षत्रिय परिवार में
* बचपन नाम : वर्द्धमान
* पिता : सिद्धार्थ - ज्ञातक कुल व कुण्डग्राम के प्रधान थे (वज्जि संघ)
* माता : त्रिशला - वैशाली के लिच्छवी वंश के शासक चेटक की बहन।
* पत्नि : यशोदा
* पुत्री : अणोज्या/ प्रियदर्शना
* दामाद व अणोज्या का पति: जमालि था जो महावीर का प्रथम शिष्य बना।
* गृहत्याग : 30 वर्ष आयु में, बड़े भाई नंदिवर्धन की आज्ञा से।
* तपस्या : 12 वर्ष
* कैवल्य/ज्ञान प्राप्ति : जुंभिक ग्राम, ऋजुपालिका नदी, साल/शाल वृक्ष के नीचे
* ज्ञान प्राप्ति के बाद वर्द्धमान – जिन (इंद्रियों का विजेता), केवलिन, महावीर (पराक्रमी), निग्रंथ (बंधन रहित), अर्हत (योग्य) व नाथपुत कहलाए।
* प्रथम उपदेश : राजगृह
* प्रथम भिक्षुणी : चन्दना (चम्पा नरेश दधिवाहन की पुत्री)
* गणधर : महावीर स्वामी के 11 शिष्य
* प्रचार की भाषा : प्राकृत (बुद्ध ने पालि भाषा में...)
* मृत्यु : 468 ई.पू. (72 वर्ष आयु), पावापुरी (बिहार)
* मृत्यु के बाद जैन संघ का अध्यक्ष : सुधर्मन

SHREERAM CLASSES

जैन धर्म का विभाजन :

* चन्द्रगुप्त मौर्य के शासन काल मे मगध मे भीषण अकाल पड़ा, तब भद्रबाहु के नेतृत्व में एक दल स्वर्णबेलगोला चला गया व स्थूलभद्र व उनके समर्थक मगध में ही रहे।
* अकाल के बाद भद्रबाहु व अनुयायी वापस मगध लौटे, सफेद वस्त्र पहनकर, जो महावीर स्वामी के नग्न रहने के सिद्धान्त के खिलाफ था, अतः दोनों मे विवाद...
* विवादों के निपटान हेतु पाटलिपुत्र में 300 ई.पू. में प्रथम जैन संगीति का आयोजन हुआ। अध्यक्षता : स्थूलभद्र ने की
* इसी दौरान जैन धर्म श्वेताम्बर (तेरापंथी) व दिगम्बर (समैया) मे बंटा।
* भद्रबाहु के अनुयायी : श्वेताम्बर - श्वेत वस्त्र धारण
* स्थूलभद्र के अनुयायी : दिगम्बर - नग्न
* दूसरी जैन संगीति : 512 ई. को वल्लभी (गुज.) मे, अध्यक्षता : क्षमाश्रमण

जैनधर्म के सिद्धान्त

* त्रिरत्न : साँसारिक बन्धन से मुक्ति (मोक्ष) हेतु -
1. सम्यक दर्शन - तीर्थंकरों के उपदेशों में विश्वास
2. सम्यक ज्ञान - जैनधर्म के सिद्धान्तों का ज्ञान
3. सम्यक चरित्र - अच्छे कार्य करने का निर्देश

पँच महाव्रत :
1. सत्य - सदा सत्य बोलना
2. अहिंसा - सर्वः बल... सोचना भी..
3. अस्तेय - चोरी न करना
4. अपरिग्रह - सम्पत्ति न रखना
5. ब्रह्मचर्य -

* गृहस्थ जीवन में रहने वाले जैनियों के लिये पञ्च महाव्रतों की कठोरता में कमी के कारण इन्हे अणुव्रत कहा गया।
* ज्ञान के 4 प्रकार - 1. मति (इंद्रियजनित), 2. श्रुति (सुनकर), 3. अवधि (दिव्यज्ञान), 4. कैवल्य (पूर्णज्ञान)
* ज्ञान के 3 स्रोत - 1. प्रत्यक्ष, 2. अनुमान, 3. शब्द द्वारा
* अनीश्वरवादी - ईश्वर सृष्टि का रचियता नहीं, बल्कि संसार की रचना 6 द्रव्यों से मिलकर हुआ है- धर्म, अधर्म, काल, आकाश, जीव, पुद्गल (भौतिक तत्व)
* आत्मवाद व अनेकात्मवाद -
  - संसार में आत्मा के अलावा कुछ नहीं है। समस्त (जीव, निर्जीव) में आत्मा है।
  - प्रत्येक का निर्माण 2- तत्वों द्वारा हुआ है = आत्मा + भौतिक तत्व
  - प्रत्येक आत्मा भौतिक तत्व से छुटकारा चाहती है, जिसे मोक्ष कहते हैं।
  - अनेकात्मवाद - भिन्न-2 जीवों में भिन्न-2 आत्माएं है।
* स्यादवाद (conditioned viewpoints)-
  - सत्य को विभिन्न दृष्टिकोणों से देखने पर उसके कई रूप देखे जा सकते हैं, अतः सभी का पूर्ण ज्ञान हो
* कर्म प्रधानता व पुनर्जन्म मे विश्वास - सबकुछ कर्मों पर आधारित है। जैसे: कम/अधिक आयु में मृत्यु अतः सत्कर्म द्वारा मोक्ष प्राप्ति संभव है। कठोर तप व व्रत (सलेखना) द्वारा मोक्ष...

SHREERAM CLASSES

* **वेदों में अविश्वास :**
  - क्योंकि वेदों में पशुबलि, यज्ञ, जीव हत्या, आडम्बर, असमानताएँ इत्यादि पर बल..
* **समानता पर बल :**
  - वर्ण व्यवस्था व जातिवाद का विरोध, सदाचार व महिला सम्मान पर बल।
* **जैन स्थापत्य कला :**
  - मथुरा कला (मौर्योत्तर युग) जैन धर्म कला का प्रसिद्ध केन्द्र।
  - गोमतेश्वर मूर्ति (70 फीट) - श्रवणबेलगोला (कर्ना.) : गंगवंश द्वारा
  - खजुराहो (mp) मंदिर - चंदेल शासकों द्वारा (11 वीं सदी)
  - देलवाड़ा जैन मंदिर - आबू (सिरोही) - विमलशाह द्वारा

जैन धर्म व बौद्ध धर्म

समानता

1. दोनो धर्म अनीश्वरवादी
2. दोनो ब्राह्मण धर्म/वैदिक आडंबरों के विरोधी
3. दोनो निवृत्त मार्ग का अनुसरण करने पर बल देते हैं।
4. दोनो धर्मों के प्रवर्तक क्षत्रिय वर्ग व राजपरिवार से सम्बंधित...।

अंतर

जैन धर्म	बौद्ध धर्म
1. यह बौद्ध धर्म से प्राचीन	1. जैन से नवीन
2. आत्मवादी	2. अनात्मवादी
3. कठोर तप	3. मध्यम मार्गी
4. वर्ण व्यवस्था पर कठोर प्रहार	4. वर्ण व्यवस्था पर क्रांतिकारी प्रहार
5. अत्यधिक अहिंसक	5. कम अहिंसक

SHREERAM
CLASSES

मौर्य-साम्राज्य (322-185 ई.पू.)

* जानकारी के स्त्रोत :

1. कौटिल्य का अर्थशास्त्र
2. विशाखदत्त का मुद्राराक्षस
3. मेगस्थनीज की इंडिका
4. सोमदेव का कथासरित्सागर
5. अशोक के अभिलेख
6. रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख
7. जैन व बौद्ध ग्रंथ
8. सिक्के

* पुराणों के अनुसार मौर्यों ने 137 वर्षों तक शासन किया।
* संस्थापक : चन्द्रगुप्त मौर्य - धनानंद (नंदवंश) को समाप्त करके।
* इसी दौरान लौहे का व्यापक स्तर पर इस्तेमाल हुआ।
* मृदभांड - उत्तरी श्याम चमकीले मृदभांड (NBPW : Northern Black Polished Ware)

चन्द्रगुप्त मौर्य (322-298 ई.पू.) :

* यूनानी साहित्य में चन्द्रगुप्त के नाम
  - सेन्ड्रोकोट्टस (स्ट्रेबो, एरियन, जस्टिन लेखकों ने)
  - एण्ड्रोकोट्टस (प्लूटार्क ने)
* चन्द्रगुप्त नाम - रुद्रदामन के जूनागढ़ अभिलेख में।
* प्लूटार्क - "चन्द्रगुप्त ने 6 लाख की सेना से पूरे भारत को रौंद डाला।"
* राजधानी : पाटलिपुत्र
* चाणक्य/कौटिल्य/विष्णुगुप्त : चन्द्रगुप्त का प्रधानमंत्री, ग्रंथ : अर्थशास्त्र, जो राजनीति से संबंधित है। अर्थशास्त्र को मैकियावली का प्रिंस व चाणक्य को भारत का मैकियावली कहते है।
